**पटना में दिनांक–17 जून, 2026 बुधवार को अपराह्न 5:00 बजे हुई मंत्रिपरिषद् की बैठक की कार्यवाही। मुख्यमंत्री ने बैठक की अध्यक्षता की।**

**निम्नलिखित निर्णय लिये गये :–**

**अनु०जाति एवं अनु०जनजाति कल्याण विभाग**

1. स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय के सहायक अनुदान गैर वेतन मद से बिहार राज्य अनुसूचित जाति सहकारिता विकास निगम लि० को राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी वित्त एवं विकास निगम (NSKFDC), नई दिल्ली द्वारा उपलब्ध कराये गये टर्म लोन के बकाये मूलराशि की एकमुश्त अदायगी हेतु कुल ₹21,95,00,000/–(इक्कीस करोड़ पंचानवे लाख रूपये) मात्र की प्रशासनिक स्वीकृति। — **1. स्वीकृत।**

**आपदा प्रबंधन विभाग**

(नागरिक सुरक्षा निदेशालय)

2. 'बिहार नागरिक सुरक्षा क्षेत्रीय आशुलिपिक संवर्ग नियमावली, 2017' के नियम–6(2) एवं 8 में क्रमशः आशुलिपिक पद पर सीधी भर्ती के लिए निर्धारित न्यूनतम उम्र सीमा एवं परिवीक्षा अवधि के प्रावधान में संशोधन की स्वीकृति के संबंध में। — **2. स्वीकृत।**

**कला एवं संस्कृति विभाग**

3. कला एवं संस्कृति विभाग के नियंत्रणाधीन ''बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय–सह–स्मृति स्तूप समिति'' के गठन एवं सोसायटीज निबंधन अधिनियम, 1860 के अंतर्गत निबंधन हेतु प्रस्ताव की स्वीकृति के संबंध में। — **3. स्वीकृत।**

**खान एवं भूतत्व विभाग**

4. वर्ष 2026 में राज्यान्तर्गत 05 प्रमुख नदियों यथा–सोन, कियूल, फल्गू, मोरहर एवं चानन नदी का पुनर्भरण अध्ययन (Replenishment Study) हेतु बिहार वित्त (संशोधन) नियमावली–2024 के नियम–131झ(छ) के तहत नामांकन के आधार पर सेन्ट्रल माइन प्लांनिंग एण्ड डिजाइन इंस्टीच्यूट लि० (CMPDI) से कराने हेतु राशि ₹2,32,69,600/–(रूपये दो करोड़ बत्तीस लाख उनहत्तर हजार छः सौ मात्र) की स्वीकृति के संबंध में। — **4. स्वीकृत।**

**खान एवं भूतत्व विभाग**

5. राज्यान्तर्गत अनुमोदित जिला सर्वेक्षण प्रतिवेदन में चिन्हित पत्थर भूखण्डों की ई–नीलामी से पूर्व खनन योजना तैयार कराने एवं पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने हेतु बिहार राज्य खनन निगम लिमिटेड को एजेंसी नामित किये जाने की स्वीकृति के संबंध में। — **5. स्वीकृत।**

## नगर विकास एवं आवास विभाग

6. ग्रीनफील्ड सैटेलाईट टाउनशिप क्षेत्र में भूमि क्रय–विक्रय/स्थानांतरण पर अधिरोपित रोक के मद्देनजर भू–स्वामियों की तात्कालिक आवश्यकता के कारण बिहार राज्य आवास बोर्ड को राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा अधिसूचित बिहार रैयती भूमि क्रय नीति 2026 के तहत भूमि के क्रय के लिए अधिकृत करने, सरकारी प्राधिकार को भू–अर्जन तथा राज्य निवेश प्रोत्साहन पर्षद द्वारा अनुमोदित निवेश परियोजना हेतु संबंधित निवेशक को भूमि क्रय/लीज करने की अनुमति प्रदान करने के संबंध में। — **6. स्वीकृत।**

## नगर विकास एवं आवास विभाग

7. बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड, पटना (बुडको) एवं पाटलिपुत्र विपश्यना ट्रस्ट के बीच बुद्ध स्मृति पार्क में BLOCK 'A' एवं BLOCK 'B' में निःशुल्क ध्यान केन्द्र के संचालन हेतु एकरारनामा की अवधि 10 (दस) वर्षों के लिए विस्तार की स्वीकृति के संबंध में। — **7. स्वीकृत।**

## पर्यटन विभाग

8. सिंधु दर्शन तीर्थ यात्रा वित्तीय सहायता अनुदान योजना 2026 की स्वीकृति के संबंध में। — **8. स्वीकृत।**

## पर्यटन विभाग

9. बिहार राज्य अंतर्गत पर्यटकों की सुविधा हेतु मुख्यमंत्री होमस्टे प्रोत्साहन योजना 2026 एवं इससे संबंधित दिशा–निर्देश की स्वीकृति के संबंध में। — **9. स्वीकृत।**

## परिवहन विभाग

10. सड़क सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, इलेक्ट्रॉनिक प्रवर्तन एवं दुर्घटना नियंत्रण को सुदृढ़ करने हेतु पीपीपी मॉडल पर इंटेलिजेन्ट ट्रैंफिक मैनेजमेंट सिस्टम (ITMS) की स्थापना एवं क्रियान्वयन हेतु बिहार सड़क सुरक्षा निधि से अनुमानित व्यय कुल रू० 622.04 करोड़ (छह सौ बाईस करोड़ चार लाख) की स्वीकृति के संबंध में। — **10. स्वीकृत।**

## पथ निर्माण विभाग

11. बिहार अभियंत्रण सेवा वर्ग–II भर्ती नियमावली, 2019 (समय–समय पर यथा संशोधित) के नियम–8 में संशोधन करते हुए नियम–8 के उप नियम–5 (iii) के उपरांत उप नियम–5 (iv) एवं (v) जोंड़ने के संबंध में। — **11. स्वीकृत।**

## पथ निर्माण विभाग

12. बिहार तकनीकी सेवा नियमावली 1999 के नियम–(7) (शोध सहायक की नियुक्ति प्रक्रिया) को संशोधित कर शोध सहायक के चयन प्रक्रिया से अंतर्वीक्षा को हटाने, शैक्षणिक योग्यता एवं प्रतियोगिता परीक्षा के विषयों का पुनर्निर्धारण करने तथा 'बिहार लोक सेवा आयोग' को 'बिहार तकनीकी सेवा आयोग' से प्रतिस्थापित करने की स्वीकृति। — **12. स्वीकृत।**

## भवन निर्माण विभाग

13. विभिन्न कार्य विभागों (यथा जल संसाधन विभाग, लघु जल संसाधन विभाग, पथ निर्माण विभाग, भवन निर्माण विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, योजना एवं विकास विभाग, नगर विकास एवं आवास विभाग आदि) के सामान्य लिपिकीय संवर्ग के पदों पर भर्ती प्रक्रिया एवं उनकी सेवा शर्त्तो के विनियमन हेतु ''कार्य विभाग क्षेत्रीय सामान्य लिपिकीय संवर्ग (भर्त्ती एवं सेवा शर्त्ते) नियमावली, 2026'' के गठन के संबंध में। — **13. स्वीकृत।**

## वित्त विभाग

14. श्री राजीव कुमार (बिहार वित्तीय प्रशासन सेवा), सहायक आयुक्त, भविष्य निधि निदेशालय, वित्त विभाग, बिहार, पटना के विरूद्ध सेवाच्युति ''जो सरकार के अधीन भविष्य में नियोजन के लिए निरर्हता नहीं होगी'' का दण्ड संसूचन के संबंध में। — **14. स्वीकृत।**

## सामान्य प्रशासन विभाग

15. बिहार न्यायिक पदाधिकारियों के लिए पटना उच्च न्यायालय में सिविल जज (वरीय कोटि) के रैंक से अन्यून विशेष कार्य पदाधिकारी (पटना उच्च न्यायालय इंफ्रास्ट्रक्चर सेल) का एक (01) पद के सृजन की स्वीकृति के संबंध में। — **15. स्वीकृत।**

## सामान्य प्रशासन विभाग

16. मधुबनी न्यायमंडल के अधीन बेनीपट्टी अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश न्यायालय की स्थापना हेतु जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश का 01 (एक) पद के सृजन की स्वीकृति के संबंध में। — **16. स्वीकृत।**

## सामान्य प्रशासन विभाग

17. बिहार उच्च न्याय सेवा (संशोधन) नियमावली, 2026 की स्वीकृति के संबंध में। — **17. स्वीकृत।**

## स्वास्थ्य विभाग

18. डा० तबरेज अख्तर, अनिवार्य सेवानिवृत प्राध्यापक, मोनाफेउल आजा विभाग–सह–प्रभारी प्राचार्य, राजकीय तिब्बी कॉलेज एवं अस्पताल, पटना को विभागीय ज्ञापांक–605, दिनांक–21.04.2025 द्वारा बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम–14(ix) के अधीन अनिवार्य सेवानिवृति की दी गई शास्ति के विरूद्ध पुनर्विलोकन आवेदन को अस्वीकृत करने के संबंध में। — **18. स्वीकृत।**

## सामान्य प्रशासन विभाग

19. बिहार लोक सेवाओं का अधिकार (संशोधन) नियमावली –2026 की स्वीकृति के संबंध में। — **19. स्वीकृत।**

## सामान्य प्रशासन विभाग

20. बिहार उत्कृष्ट खिलाड़ियों की सीधी नियुक्ति (संशोधन) नियमावली, 2026 के अनुमोदन के संबंध में। — **20. स्वीकृत।**

## उद्योग विभाग

21. केन्द्र सरकार द्वारा प्रस्तावित वाराणसी–राँची–कोलकाता एक्सप्रेसवे के समीप कैमूर जिला अन्तर्गत अंचल–चाँद एवं चैनपुर के विभिन्न मौजों का कुल रकबा–781.18 एकड़ भूमि का आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार, पटना के माध्यम से अधिग्रहण एवं अधिग्रहण की प्राक्कलित राशि रू० 2,30,64,97,009.00 (रूपये दो अरब तीस करोड़ चौसठ लाख संत्तानवे हजार नौ) मात्र के व्यय की स्वीकृति के संबंध में। — **21. स्वीकृत।**

## उद्योग विभाग

22 सहरसा जिला अन्तर्गत अंचल–कहरा, मौजा–वनगाँव, देवनागोपाल तथा बलहर अराजी (उर्फ भेलवा) में कुल रकबा 420.62786 एकड़ भूमि का अधिग्रहण एवं अधिग्रहण की प्राक्कलित राशि रू० 88,01,13,847.00 (रूपये अठासी करोड़ एक लाख तेरह हजार आठ सौ सैंतालीस) मात्र के व्यय की स्वीकृति हेतु उद्योग विभाग के निर्गत संकल्प ज्ञापांक–3801 दिनांक–14.08.2025 में संशोधन करते हुए सहरसा जिला अन्तर्गत अंचल–कहरा मौजा–वनगाँव, थाना न०–137, मौजा–देवनागोपाल, थाना नं०–140, 141 एवं 142 में कुल रकबा–420.625 एकड़ के भूमि का आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार, पटना के माध्यम से अधिग्रहण एवं अधिग्रहण की प्राक्कलित राशि रू० 88,01,13,847.00 (रूपये अठासी करोड़ एक लाख तेरह हजार आठ सौ सैंतालीस) मात्र के व्यय की स्वीकृति के संबंध में। — **22. स्वीकृत।**

## उद्योग विभाग

23. पूर्णिया जिला अन्तर्गत अंचल–कृत्यानन्द नगर के मौजा–अकबराबाद, थाना नं०–35, रकबा–46 एकड़ एवं मौजा–गणेशपुर, थाना नं०–36, रकबा–91 एकड़ तथा अंचल–बड़हारा कोठी के मौजा–गौरीपुर, थाना नं०–147/2, रकबा–130 एकड़ एवं मौजा–बेलापेमू, थाना नं०–324, रकबा–420 एकड़ अर्थात समेकित कुल रकबा–687 एकड़ रैयती भूमि का आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार, पटना के माध्यम से अधिग्रहण एवं अधिग्रहण की प्राक्कलित राशि रू० 1,25,32,38,925.00 (रूपये एक अरब पच्चीस करोड़ बत्तीस लाख अड़तीस हजार नौ सौ पच्चीस रूपये) मात्र के व्यय की स्वीकृति के संबंध में। **23. स्वीकृत।**

## जल संसाधन विभाग

24. जल संसाधन विभाग अंतर्गत निरीक्षण भवन एवं इसके आस–पास के परिसर का आधुनिक गेस्ट हाउस में रूपांतरण नीति, 2026 की स्वीकृति। **24. स्वीकृत।**

## राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

25. गया जिलान्तर्गत केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (आरक्षित वाहिनी) की स्थापना हेतु अंचल–डोभी, मौजा–मुड़ियल, थाना सं०–207, खाता सं०–66, खेसरा सं०–2194 की कुल प्रस्तावित रकवा–50 एकड़ अनावाद बिहार सरकार की भूमि बिहार वित्त नियमावली, 1950 के नियम–441 को इस हद तक शिथिल करते हुए गृह मंत्रालय, भारत सरकार को निःशुल्क स्थायी हस्तान्तरण की स्वीकृति के संबंध में। **25. स्वीकृत।**

## संसदीय कार्य विभाग

26. श्री राजीव कुमार, निदेशक, बिहार विधान सभा सचिवालय का दिनांक–30.06.2026 को संविदा आधारित नियोजन समाप्त होने के पश्चात् दिनांक–01.07.2026 से एक वर्ष तक अर्थात् दिनांक–30.06.2027 तक अथवा उक्त पद पर नियमित प्रोन्नति/वेतनमान सहित उच्चतर पद पर कार्यकारी प्रभार होने तक, जो भी पहले हो के लिए बिहार विधान सभा सचिवालय में निदेशक के पद पर निर्धारित शर्त्तों के तहत् संविदा आधारित नियोजन को विस्तारित करने की स्वीकृति के संबंध में। **26. स्वीकृत।**

## वित्त विभाग

27. बिहार सेवा संहिता के नियम–21 के परिशिष्ट–3 में कार्याध्यक्षों और अध्यक्षालयों की सूची में क्रमांक–34 पर अंकित ''महाधिवक्ता कार्यालय, बिहार'' को विलोपित किये जाने के संबंध में। **27. स्वीकृत।**

## पर्यटन विभाग

| | | |
|---|---|---|
| 28. | राज्य में विभिन्न पर्यटक स्थलों के मध्य पर्यटकों के त्वरित एवं सुगम भ्रमण हेतु मुख्यमंत्री बिहार हेली–टूरिज्म एवं एयर टूरिज्म सेवा योजना 2026 की स्वीकृति के संबंध में। | **28. स्वीकृत।** |

## स्वास्थ्य विभाग

| | | |
|---|---|---|
| 29. | स्वास्थ्य विभाग, बिहार के अन्तर्गत बिहार राज्य सहबद्ध एवं स्वास्थ्य देखभाल परिषद् (संशोधन) नियमावली, 2026 (Bihar State Allied and Healthcare Council (Amendment) Rules, 2026) के गठन की स्वीकृति के संबंध में। | **29. स्वीकृत।** |